Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 08-05-2007

Participants : Singh Shri Prabhunath

an>

Title: Need to open a Kendriya Vidyalaya in Maharajganj, district Siwan, Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : महोदय, बिहार प्रांत अंतर्गत सिवान जिला का महराजगंज अनुमंडल मुख्यालय है। महराजगंज में अनुमंडलीय पुलिस मुख्यालय, रेलवे स्टेशन, अस्पताल उच्च विद्यालय, महाविद्यालय, अनेकों उच्च कोटि के व्या वसायिक प्रतिठान, थाना, प्रखंड मुख्यालय आदि पूर्व से हैं। महराजगंज और उसके आस-पास के क्षेत्र में हजारों की संख्या में केंद्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारी, सेवानिवृत्त कर्मचारी निवास करते हैं। महराजगंज एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, परन्तु महराजगंज में एक भी अच्छा विद्यालय नहीं है। मजबूर हो कर कर्मचारियों को शिक्षा अध्ययन हेतु अपने बच्चों को बाहर भेजना पड़ता हे, जिसके कारण कर्मचारियों को अनावश्यक आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। महराजगंज में वर्षों से एक अच्छे विद्यालय की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

महराजगंज में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मेरी मांग पर केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा अपने पत्रांक - एफ 1-3 (19) 2004 के.वी.एस.-1600 दिनांक 30.5.05 के माध्यम से महराजगंज में केंद्रीय विद्यालय खोलने का आश्वासन के साथ केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा निर्धारित मापदंडों का प्रारूप भेजा गया था। केंद्र सरकार के निदेशानुसार राज्य सरकार द्वारा महराजगंज केंद्रीय विद्यालय का प्रारूप एवं समाहर्ता सिवान द्वारा भवन एवं भूमि की उपलब्धता संबंधी प्रतिवेदन केंद्र सरकार को भेज दिया गया है, जबकि राज्य सरकार द्वारा सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी कर दी गई है, परंतु अभी तक महराजगंज में केंदीय ि वद्यालय खोलने की कार्रवाई केंद्र सरकार द्वारा शुरू नहीं की गई है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि बिहार प्रांत अंतर्गत सिवान जिले के महराजगंज में स्वीकृत केंद्रीय ि वद्यालय में पढ़ाई शीघ्र कराई जाए।